"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत, क्रमांक जी 2-22-छत्तीसगढ़ गजट/38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-5-2001"

पंजीयन क्रमांक "छत्तीसगढ़/दुर्ग/सी. ओ./रायपुर/17/2002"

छत्तीसगढ़ राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 18] रायपुर, शुक्रवार, दिनांक 6 मई 2005—वैशाख 16, शक 1927

भाग 3 (1)

विज्ञापन

अन्य सूचनाएं

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं भूपेन्द्र कुमार आत्मज श्री दुकालूराम उम्र 33 वर्ष निवासी क्वा. नं. 3-जी, सड़क 29, सेक्टर-1, भिलाई नगर, तह. व जिला दुर्ग (छ. ग.) का हूं.

मैं बी. एस. पी. भिलाई में कार्यरत हूं, मेरा पर्सनल नं. 152242 है जोकि अपने पुत्र परूल सांगोड़े का नाम बदलकर विपुल सांगोड़े रखना चाहता हूं जिसके लिये मैंने सक्षम अधिकारी का शपथ पत्र प्रस्तुत कर दिया है.

अतः अब से मेरे पुत्र को विपुल सांगोड़े के नाम से जाना व पहचाना जावे.

पुराना नाम	नया नाम
परूल सांगोड़े क्वार्टर नं. 3/G सड़क नं. 29, सेक्टर नं. 1 भिलाई, जिला - दुर्ग (छ. ग.)	विपुल सांगोड़े क्वार्टर नं. 3/G सड़क नं. 29, सेक्टर नं. 1 भिलाई, जिला - दुर्ग (छ. ग.)

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं टेप कुमारी वर्मा पिता श्री शिवदयाल वर्मा, माता श्रीमती गोदावरी बाई वर्मा जो कि विवाहोपरांत ससुराल में श्रीमती कुन्ती वर्मा पति स्वर्गीय तोषण वर्मा के प्रचलित नाम से जानी जाती हूं. मेरे पति स्वर्गीय तोषण वर्मा जो जिला दंतेवाड़ा में आरक्षक थे के सेवा पुस्तिका में मेरा नाम कुन्ती वर्मा दर्ज है, कि मृत्यु उपरांत मुझे अनुकम्पा नियुक्ति पुलिस मुख्यालय रायपुर में आरक्षक (एम) के पद पर हुई है जिसमें मेरा दर्ज नाम श्रीमती कुन्ती वर्मा है..

इस प्रकार सेवा रिकार्ड में मेरा नाम श्रीमती कुन्ती वर्मा दर्ज है किन्तु शैक्षणिक प्रमाण-पत्र (कक्षा 10वीं की अंकसूची) में मेरा नाम टेप कुमारी दर्ज है.

अत: मैं अपने सेवा पुस्तिका में शैक्षणिक योग्यता एवं जन्मतिथि दर्ज कराने हेतु अपना नाम श्रीमती कुन्ती वर्मा पति स्व. तोषण वर्मा रख ली हूं जिसके लिये मैंने सक्षम अधिकारी का शपथ-पत्र प्रस्तुत कर दी हूं.

अतएव मुझे अब से श्रीमती कुन्ती वर्मा पति स्वर्गीय तोषण वर्मा के नाम से जाना व पहचाना जावे.

पुराना नाम	**नया नाम**
कु. टेप कुमारी वर्मा ग्राम. पो.-मंदिर हसौद जिला- रायपुर (छ. ग.)	श्रीमती कुन्ती वर्मा पति स्व. तोषण वर्मा ग्राम. पो.-मंदिर हसौद जिला- रायपुर (छ. ग.)

विविध

निविदा की सूचनाएं

संशोधन क्रमांक - 01

बिलासपुर, दिनांक 13 अप्रैल 2005

निविदा क्रमांक 15/त.शा./का.अ./लो.स्वा./04-05.— बिलासपुर, दिनांक 17-3-2005 पृष्ठ क्रमांक 1015/त.शा./का.य./लोक स्वा./2004-05/दिनांक 17-03-2005 में निम्नालिखित संशोधन किया जाता है.

"केलिक्स ड्रिलिंग रिग के स्थान पर कैलिक्स ड्रिलिंग रिग/मेकेनिकल रोटरी रिग पढ़ा जावे."

0.1 समय सारणी (संशोधित) निविदा प्रपत्र प्राप्त करने एवं प्रस्तुत करने का विवरण निम्नानुसार है.

1.1	11-04-2005 के स्थान पर	23-4-2005 पढ़ा जावे.
1.2	13-04-2005 के स्थान पर	25-4-2005 पढ़ा जावे.
1.3	20-04-2005 के स्थान पर	28-4-2005 पढ़ा जावे.
1.4	21-04-2005 के स्थान पर	29-4-2005 पढ़ा जावे.

निविदा की अन्य शर्तें पूर्ववत् रहेगी. उक्त संशोधन क्र. 1 छ. ग. शासन के बेबसाइट http/www/chhatisgarh/NIC IN/Tenders पर देखी जा सकती है, जिसे E-MAIL के माध्यम से Pramarao@c.g.nic के जरिये प्राप्त किया जा सकता है.

हस्ता./-
कार्यपालन अभियंता,
लोक स्वा.यां.खंड, बिलासपुर (छ.ग.)

संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय राजनांदगांव से मुद्रित तथा प्रकाशित - 2005.